फा.सं. 25-I(08)/2022-एएचडी/एआर
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
*****

अगस्त, 2022 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

1. गोपशु और डेयरी विकास:

(i) विभाग नेदिनांक 01.08.2022 से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल यानी https://awards.gov.inके माध्यम से "राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार -2022" के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30.09.2022 है।

2. पशुधन स्वास्थ्य:

i. लंपी त्वचा रोग: सूचना प्राप्त होने पर, केंद्रीय सरकार की टीमों ने राजस्थान और पंजाब राज्य का दौरा किया ताकि इन राज्यों को लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) संबंधी नियंत्रण और रोकथाम कार्यों के सख्त कार्यान्वयन हेतु संवेदनशील बनाया जा सके।विभाग ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को नियंत्रण उपायों के सख्त कार्यान्वयन और एलएसडी के समय पर नियंत्रण के लिए आवश्यक तैयारी हेतु लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) के नियंत्रण और उपचार के लिए परामर्शी जारीकी है।साथ ही, विभाग ने एलएसडी की तैयारी, रोकथाम और नियंत्रण के संबंध में तथा टीकाकरण की प्रगति के संबंध में, एलएसडी प्रभावित राज्यों के साथ दिनांक 09.08.2022 और 18.08.2022 को वर्चुअल माध्यमसे बैठकें आयोजित कीं।दिनांक 31.08.2022 तककी स्थिति के अनुसार8 प्रभावित राज्यों में अब तक 77 लाख गोपशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। विभाग ने वैक्सीन उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 4.5 करोड़ प्रति माह करने के लिए भी कदम उठाए हैं।

ii. अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ): कर्नाटक, झारखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा तथा मिजोरम में एएसएफ की घटनाओं की पुष्टि होने पर, विभाग ने शूकरों में एएसएफ के तत्काल नियंत्रण और रोकथाम के उपायों को सख्ती से लागू करने की सलाह के साथ परामर्शी और राष्ट्रीय कार्य योजना जारी की है।

iii. ग्लैंडर्स का प्रकोप: उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा राज्यों में ग्लैंडर्स की घटनाओं की पुष्टि होने पर, विभाग ने इन राज्यों को जू सेनेटरी उपायों को अपनाने तथा बीमारी को और फैलने से रोकने के लिए संक्रमित क्षेत्र से घोड़ों की आवाजाही की निगरानी/प्रतिबंधित करने के लिए परामर्शी जारी कीहै।

iv. व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत इस माह के दौरान 27 लाख पशुओं को टैग किया गया है। इसके अलावा, माह के दौरान 44 लाख पशुओं को एफएमडी और 10 लाख पशुओं को ब्रुसेला का टीका लगाया गया है।

3. राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) :

संयुक्त सचिव (एनएलएम) ने 23.08.2022 को संबंधित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ एनएलएम की प्रगति की समीक्षा की और राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) योजना के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की और राज्यों को व्यय की गति में सुधार करने की सलाह दी।

4. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी) :

i. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री, डॉ संजीव कुमार बालियान ने व्यापक प्रदर्शन (एक्सपोजर) के लिए छात्र और संकाय आदान-प्रदान के क्षेत्रों में आक्लाहोमा राज्य विश्वविद्यालय (ओएसयू) और भारतीय पशु चिकित्सा कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने, भारतीय पशु चिकित्सामेंउतीर्ण छात्रों के संयुक्त राज्य अमेरिका में अभ्यास करने की संभावनाओं, दोनों प्रणालियों द्वारा प्रदान की जाने वाली डिग्रियों की समानता, वन हेल्थ, आदि सहित आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और प्रशिक्षण और वीसीआई और ओएसयू के बीच एक करार के माध्यम से सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए 10.08.2022 को कृषि भवन, नई दिल्ली मेंओएसयू, यूएसए के प्रोफेसर और डीन के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की।

ii. भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच कृषि बाजार पहुंच और व्यापार मामलों से संबंधित बकाया मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 23.08.2022 को कृषि मामलों और कमोडिटी नीति के लिए सहायक संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) सुश्री जूली कैलहन के नेतृत्व में यूएसटीआर प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी। अन्य बातों के अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका से भारत में चेरी और अल्फाल्फा के निर्यात की संभावना और भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका में डीबोन्ड, डीग्लैंडेड भैंस के मांस के निर्यात पर चर्चा की गई।

iii. भारत और ब्राज़ील के बीच बाजार पहुंच के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ब्राजील के कृषि अताशेके साथ 03.08.2022 को कृषि भवन, नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई थी और माननीय मंत्री जी की मई 2022की ब्राजील यात्रा के दौरान चिन्हित किए गए बिंदुओं पर अनुवर्ती कार्रवाई के संबंध में भी चर्चा की गई।

iv. न्यूजीलैंड और भारत के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने के लिए 08.08.2022 को कृषि भवन में भारत में न्यूजीलैंड उच्चायोग केकृषिअताशेके साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान, न्यूजीलैंड से भारत में बोवाईन वीर्य के निर्यात और न्यूजीलैंड को रिटॉर्टेड (हीट ट्रीटेड) भैंस के मांस के निर्यात और भारत से न्यूजीलैंड में पोल्ट्री और पोल्ट्री उत्पादों के निर्यात की संभावना जैसे बाजार पहुंच के मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने सहकारी संरचना, आनुवंशिक उन्नयन, पशु रोग प्रतिक्रिया आदि पर जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा न्यूज़ीलैंड का दौरा करने पर पारस्परिक सहमति व्यक्त की।

5. प्रशासन

विभाग ने आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के तहत हर घर तिरंगा अभियान मनाया, जिसमें माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला जी ने 12.08.2022 को राष्ट्रीय नमक सत्याग्रह स्मारक, दांडी गुजरात में ध्वजारोहण किया, डॉ संजीव कुमार बालियान, माननीयमत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री ने 15.08.2022 को झलकारी बाई स्टैच्यू, आगरा, उत्तर प्रदेश में ध्वजारोहण किया और डॉ एल मुरुगन, माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्रीने 12.08.2022 को पंचालंकुरुची किला, थूथुकोडी, तमिलनाडु में ध्वजारोहण किया।

6. पशुपालन सांख्यिकी

वार्षिक प्रकाशन "मूल पशुपालन सांख्यिकी -2021" को प्रकाशित कर पशुपालन एवं डेयरी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

7. बजट:

वर्ष 2022-23 के लिए, अगस्त 2022 तक, 4288.84 करोड़ रुपये के बजट अनुमान (बीई) के मुकाबले, व्यय 549.69 करोड़ रुपये था। अगस्त 2022 माह के दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग का व्यय 101.14 करोड़ रुपये था।

8. सोशल मीडिया कार्यकलाप:

माह के दौरान विभाग के ट्विटर पेज को 74,513 फॉलोअर्स ने हिट किया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत, 162 रचनात्मक पोस्ट किए गए, 192 ट्वीट किए गए और 1761 री-ट्वीट किए गए, 2 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। विभाग के फेसबुक पर 1,31,062 फॉलोअर्स थे। विभाग के कू अकाउंट पर 72,500 फॉलोअर्स हैं। अगस्त, 2022 के अंत तक लिंक्डइन पर 1005 फॉलोअर्स हैं और इंस्टाग्राम पर 761 फॉलोअर्स हैं।